आया तेरा दीवाना | by Ansh Jain

महाकाल के नगरी में आया तेरा दीवाना
मुझे अपनी शरण रखलो
महाकाल शरण रखलो दिल कहता है दीवाना
मैं हूँ तेरा दीवाना महाकाल का दीवाना
महाकाल की नगरी में ....

हर पल मेरी किस्मत में दर्शन हो इसी दर के
छूटा है ना छूटेगा तेरे दर पे आना जाना
मैं हूँ तेरा दीवाना महाकाल का दीवाना
दर्द सेह कर भी तेरा नाम लिए जाते हैं
तेरे दीवाने तुझे याद किये जाते हैं
तुम दर्शन दो न दो दर्शन तेरी इच्छा बाबा
हम तो चौखट पे तेरी ही चले आते हैं
मैं हूँ तेरा दीवाना महाकाल का दीवाना

बस इतनी कृपा करना बाबा मेरे शिव शंकर
जब जान मेरी निकले तुम सामने आ जाना
मैं हूँ तेरा दीवाना महाकाल का दीवाना
मेरे मन में भोलेनाथ तेरा नाम चल रहा हो
मेरे सामने हो तुम और मेरा दम निकल रहा हो
मैं हूँ तेरा दीवाना महाकाल का दीवाना

दुःख दर्द के मारों से मेरा एक मश्वरा है
ये दीवानो की नगरी है एक बार चले आना
मैं हूँ तेरा दीवाना महाकाल का दीवाना
आओ दिखाऊं कैसी ये उज्जैन नगरी है
जहाँ पर रात दिन बाबा तेरी कृपा बरसती है
मेरे बाबा ये बता दो वो नज़र कौन सी है
जिसे पाकर सारी दुनिया तेरे दर पे झूमती है
मैं हूँ तेरा दीवाना महाकाल का दीवाना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-ansh-jain/